Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to run a superfast train from Guna Parliamentary Constituency to Delhi.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के अन्तर्गत तीन जिले गुना, अशोक नगर और शिवपुरी आते हैं। इन तीनों जिला मुख्यालय से प्रतिदिन होकर गुजरने वाले दिल्ली के लिए एक भी सुपरफास्ट ट्रेन नहीं है। भारत सरकार के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के कार्यालय यहां स्थित हैं। इन कार्यालयों के कर्मचारियों को अगर किसी कार्यवश दिल्ली आना हो तो उन्हें भोपाल या बीना रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। मैं स्वयं भी अपने गृह जिला अशोक नगर से दिल्ली आना चाहूँ तो उसके लिए बीना रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र की सम्मानित जनता की ओर से आदरणीय रेल मंत्री जी से यह मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अशोक नगर होते हुए दिल्ली के लिए प्रतिदिन चलने वाली एक सुपरफास्ट ट्रेन की शुरूआत की जाए।